




एक नजर में



### ब्राह्मण समाज को मिला नया नेतृत्व, बंटी शर्मा अध्यक्ष नियुक्त

**बुधनी.** नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई. बैठक में पूर्व अध्यक्ष भाग्योदय दुबे 'रिंकू' ने वार्षिक कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा आगामी परशुराम उत्सव को लेकर नई समिति के गठन का प्रस्ताव रखा. बैठक में परशुराम उत्सव समिति के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पं. सुरेंद्र बंटी शर्मा को अध्यक्ष एवं आशीष पाठक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.पूर्व अध्यक्ष भाग्योदय दुबे 'रिंकू' ने नव नियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र बंटी शर्मा को विधिवत कार्यभार सौंपा. बैठक में सत्येंद्र शर्मा, चंद्रभूषण त्रिपाठी, अरविंद्र दुबे, दीवान जी, दीपक शर्मा, पियूष बिल्लौरे, पियूष दुबे, लक्की दुबे, राज शर्मा, कार्तिक शर्मा, मनीष बाजपेई, गिरजा शंकर शर्मा, रामजी शर्मा, निरंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे.



### मेवाड़ा मित्र मंडल ने किया श्रीजी की शोभायात्रा का स्वागत

**आष्टा.** भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति और सकल जैन समाज द्वारा श्रीजी की भव्य शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारंभ की जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: किला श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां श्रीजी के जन्माभिषेक व पूजन की तत्पश्चात् मुनिसंघ के आशीष वचन हुए. श्रीजी की शोभायात्रा का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा स्वागत कर मुनिसंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समाज के संरक्षक पवन जैन, धनरूपमल जैन, मुकेश बड़जात्या, रमेश जैन आदिनाथ, मनोज जैन सुपर, समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, निर्मल जैन शिक्षक, कैलाश जैन चित्रलोक, पार्षद कमलेश जैन का स्वागत सम्मान किया. पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, शंकरलाल बोडाना, मनीष किल्लौदिया मौजूद थे.



### फील्ड मास्टर ट्रेनर्स का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सीहोर.** जिले में जनगणना-2027 के कार्य के सफल संपादन के लिए शहर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 30 मार्च को फील्ड लेवल मास्टर ट्रेनर्स का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ. प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को जनगणना कार्यों की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है.



### एनएसएस शिविर के समापन पर बांटे प्रमाण पत्र

**इछावर.** ग्राम नयापुरा में शासकीय महविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा लगाए शिविर का समापन रूपसिंह सरपंच एवं धीरज सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्या डा.सुनीता यादव की अध्यक्षता में हुआ. कार्यक्रम प्रभारी डा.कलावती,डा.अरविंद बैस के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने श्रमदान सेवा,सफाई, स्वच्छता के लिए निवारण, स्वास्थ्य पर्यावरण, मार्ग गड्ढों की भराई पौध रोपण आदि निष्पादन किया प्राचार्या डा. सुनीता यादव ने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा की. विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति पश्चात अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम में प्रोफेसर मुकेश शर्मा प्रो.सीताराम, प्रो.विनीत शर्मा,अहिरवार एवं मीणा, कमलेश वर्मा,शिक्षक राजेंद्र वर्मा, महेंद्र राव,अभिषेक, श्रीराम, रामेश्वर उपस्थित थे.



### धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए 16 जोड़ों ने दी आहुति

**सीहोर.** सुदामा नगर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ ही पांच दिवसीय श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत हो गई. बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा दूसरे दिन सोमवार को मंडप देवता आह्वान, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, प्रतिमाओं का जलाधिवास, अन्नाधिवास किया गया. इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित आकाश मिश्रा और पंडित अमित तिवारी के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ 16 जोड़ां के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ. समिति सदस्यों ने बताया 31 मार्च को यज्ञकर्म, प्रतिमाओं का घृत अधिवास, पत्र अधिवास, द्रव्य अधिवास होगा. एक अप्रैल को यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा। दो अप्रैल को यज्ञकर्म के बाद श्रीराम भव्य अभिषेक और न्यास, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती और भंडारे का आयोजन किया जाएगा. समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

# डीजल के काले कारोबार पर पुलिस का बड़ा वार

## जावर पुलिस ने बीती देर रात अवैध डीजल भंडारण और मिलावट के बड़े खेल का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

- छोटे- बड़े ड्रमों में भरा 4825 लीटर डीजल किया जब्त
- सस्ता डीजल खरीदकर मिलाते थे केमिकल

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 30 मार्च. जिले के जावर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध डीजल भंडारण और मिलावट के बड़े खेल का खुलासा किया है. टीन शेड के गोदाम से हजारों लीटर डीजल व केमिकल जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है.**



**आष्टा.** समीपस्थ जावर थाना पुलिस द्वारा बीती रात की गई छापामार कार्रवाई में हजारों लीटर डीजल से भरे ड्रम जब्त किए गए.

इंदौर-भोपाल फोरलेन स्थित दरखेड़ा जोड़ के पास जावर पुलिस ने रविवार देर रात छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध डीजल के बड़े भंडार का खुलासा किया. पुलिस ने एक टीन शेड से 32 छोटे-बड़े ड्रमों में भरा 4825 लीटर डीजल जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपए आंकी गई है. मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी मौका पाकर फरार हो गए.

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीप सिंह निवासी जरखी, थाना सुंदरसी, जिला शाजापुर है. आरोपी ने हाईवे किनारे टीन शेड बनाकर अवैध रूप से डीजल भंडारण का ठिकाना बना रखा था. प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर टैंकरों से सस्ता या संदिग्ध डीजल खरीदता था और उसमें केमिकल मिलाकर उसे दोबारा बाजार में बेचने भेजा जाता था. पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने अपने दो साथियों के नाम जुगल जायसवाल और यश जायसवाल बताए, जो आष्टा क्षेत्र के निवासी हैं. दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में सरगर्मी से जुटी हुई है.

गौरतलब है कि सीहोर जिले में हर महीने करीब 11 हजार किलोलीटर डीजल और 5600 किलोलीटर पेट्रोल की खपत होती है. जिले में लगभग 140 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां से ईंधन की आपूर्ति होती है. ऐसे में जब ईंधन की कृत्रिम कमी देखने को मिल रही है तो ऐसे मिलावटखोर व जमाखोर सक्रिय हो गए हैं.

इस मामले में थाना प्रभारी हेमंत पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से अवैध डीजल भंडारण की सूचना मिलने पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है. मौके से जब्त किए गए डीजल और संदिग्ध केमिकल की जांच कराई जा रही है. मामले के फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से जारी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है.

### कुछ इस तरह खेला जाता है मिलावट का खेल

जानकारों के अनुसार संदिग्ध या कम गुणवत्ता वाले ईंधन को असली डीजल जैसा दिखाने के लिए उसमें नेफ्था, लो-ग्रेड ऑयल, सॉल्वेंट या थिनर जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं. कभी-कभी रंग (डाई) भी मिलाया जाता है ताकि ईंधन का रंग असली जैसा लगे. यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी और बेहद खतरनाक होती है, जिससे वाहनों के इंजन को नुकसान, माइलेज में गिरावट और प्रदूषण में बढ़ोतरी होती है.

### बाहर से छोटा दिखता टीनशेड अंदर से था काफी बड़ा

कार्रवाई के दौरान पुलिस को यह देखकर हैरानी हुई कि बाहर से छोटा दिखाई देने वाला टीन शेड अंदर से काफी बड़ा निकला. उसके भीतर दो और हिस्से बनाए गए थे, जहां बड़ी मात्रा में ड्रमों में डीजल भरा हुआ रखा गया था. इससे साफ है कि यह कारोबार लंबे समय से सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा था. जब्त किए गए 32 ड्रमों में से करीब 16 ड्रमों में केमिकल होने का अंदेशा जताया जा रहा है. पुलिस का मानना है कि डीजल की गुणवत्ता बदलने और उसे असली जैसा दिखाने के लिए मिलावट की जाती थी. हालांकि, असल स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.

### पेट्रोलियम पदार्थ की कमी का उठाया फायदा

युद्ध के कारण अभी डीजल और पेट्रोल को लेकर काफी मारामारी चल रही है. हाल के दिनों में डीजल और पेट्रोल की मांग बढ़ने तथा कुछ पेट्रोल पंपों के अस्थायी रूप से ड्राय होने की स्थिति का फायदा उठाकर ऐसे गिरोह सक्रिय हो गए थे. एक साथ बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल-डीजल लेने पंपों पर पहुंचने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई, जिसका लाभ अवैध कारोबारियों ने उठाया. दूसरी तरफ कई गिरोह जो पहले से काम कर रहे थे, वह भी सक्रिय हो गए थे.

### आसपास के जिलों में भी गिरोह की सक्रियता

पुलिस को संदेह है कि यह गिरोह केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों तक सक्रिय था. हाल ही में राजगढ़ जिले में हुई कार्रवाई से मिले सुरागों के आधार पर ही जावर पुलिस ने यह छापा मारा. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यहां से तैयार किया गया डीजल राजगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता था.

## थ्रेशर की चपेट में आने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**आष्टा 30 मार्च.** बीती देर रात नजदीक के ग्राम भंवरा में गेहूं निकालते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया. थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक उपेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 वर्षीय उपेंद्र सिंह पिता कमल सिंह, निवासी ग्राम भंवरा अपने खेत में गेहूं निकालने का कार्य कर रहा था. इसी दौरान थ्रेसर मशीन में तकनीकी खराबी आ गई. मशीन की पंखुड़ी खराब होने पर वह उसे बदलने का प्रयास कर रहा था. तभी अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया और संतुलन बिगड़ने से वह पूरी तरह मशीन की चपेट में आ गया.

बताया जा रहा है कि यह हादसा रात करीब 3.30 बजे हुआ. दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक के चाचा जसवंत सिंह के अनुसार, उपेंद्र मशीन बंद कर चाय-नाश्ता करने गया था. लौटने के बाद उसने मशीन दोबारा चालू की और खराब पंखुड़ी बदलने लगा. इसी दौरान यह हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी रामपाल सिंह सोलंकी ने युवक को तत्काल आष्टा सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. इस लोमहर्षक घटना से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है. पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया.

## सड़क किनारे प्रसव, एंबुलेंस सेवा फिर सवालों में

- 108 नहीं मिलने पर बाइक से अस्पताल जा रही थी महिला
- ब्रह्मपुरी कालोनी के समीप सड़क किनारे हुआ प्रसव



नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 मार्च.** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एक बार फिर कटघरे में खड़ी नजर आई, जब एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण एक गर्भवती महिला को बाइक पर अस्पताल ले जाया जा रहा था और रास्ते में ही उसका प्रसव हो गया. यह घटना सोमवार को सामने आई, जिसने 108 एंबुलेंस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

जानकारी के अनुसार, ग्राम बिजलौन निवासी रफीक की 40 वर्षीय पत्नी रेश्मा को सोमवार को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई. परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन काफी देर तक प्रयास करने के बावजूद नंबर लगातार व्यस्त आता रहा. महिला की हालत बिगड़ती देख पति ने इंतजार करना उचित नहीं समझा और उसे बाइक पर बैठाकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गया.

बताया जाता है कि दूसरी बाइक पर महिला की सास और छोटा भाई भी साथ चल रहे थे. जब वे ब्रह्मपुरी कॉलोनी के पास पहुंचे, तभी महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई. ऐसे में पति ने सड़क किनारे बाइक रोकी, जहां कुछ ही देर में महिला का प्रसव हो गया. सास ने सूझबूझ दिखाते हुए जच्चा-बच्चा को संभाला. रफीक ने वहां से गुजर रही डायल 112 पुलिस वाहन को रोका और पूरी स्थिति बताई. पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद जच्चा और नवजात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### आठवीं संतान, परिवार नियोजन पर सवाल

रफीक ने बताया कि उसकी पहले से छह पुत्रियां और एक पुत्र है। सोमवार को जन्मी बच्ची उसकी आठवीं संतान है। इस घटना ने न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर सवाल उठाए हैं, बल्कि परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता की कमी को भी उजागर किया है.

## तेज रफ्तार का कहर, बाइक सवार दो युवकों की मौत

- बीती रात कार की टक्कर से दो युवकों ने तोड़ा दम
- बुधनी की फैक्ट्री में मजदूरी करते थे दोनों मृतक



नवभारत न्यूज

**बुधनी 30 मार्च.** थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 8.15 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई. कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक 21 वर्षीय जितेंद्र पिता रामचंद्र, निवासी ग्राम सलेया भज्जू थाना नर्मदापुरम तथा उसका साथी 20 वर्षीय कावेंद्र पिता भूपतलाल, निवासी ग्राम पिपरिया थाना शाहपुर जिला डिंडोरी, वर्तमान में बुधनी के पास पीलीकरार क्षेत्र में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे. रविवार शाम दोनों बाइक से बुधनी आ रहे थे.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बाइक सवारों को घसीटते हुए सड़क से नीचे जा गिरी. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने किसी तरह दोनों युवकों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. गंभीर घायल दूसरे युवक को नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई. पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## उत्साह से मना भगवान का जन्म कल्याणक



नवभारत न्यूज

**शाहगंज 30 मार्च.** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर एवं विश्व को अहिंसा का संदेश देने वाले वर्तमान शासन नायक 1008 श्री भगवान महावीर स्वामी का 2625 वा जन्म कल्याणक महोत्सव नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मनाया गया.

इस अवसर पर अभिषेक शांतिधारा पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया तत्पश्चात समाज जनों द्वारा झांझ मंजीरो के साथ भगवान महावीर की आरती उतारी गई एवं भगवान को झूला झुलाया गया. जन्म कल्याणक मनाने के लिए महिला पुरुष एवं बच्चे पीले वस्त्र पहनकर सुबह से ही मंदिर जी में पहुंच गए थे. भगवान के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी. शाम को मंदिर जी में भजन एवं भगवान महावीर की आरती की गई। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष शिखर चंद जैन संतोष जैन, सुशील जैन, अनूप जैन पारस जैन अनंत जैन, गौरव जैन, गगन जैन सहित अन्य लोग

### गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

**बुधनी.** पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है. बुधनी सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव द्वारा 02 गैस एजेंसियों एवं 03 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया. सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया. इसके साथ ही बुधनी, बकतरा एवं शाहगंज स्थित 12 होटलों एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया. सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री प्रकाश यादव ने बताया आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है.

प्रदर्शन | जिला कांग्रेस ने केन्द्र सरकार की नीतियों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

## महंगाई की शवयात्रा लेकर शहर में निकले कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 मार्च.** भाजपा सरकार की असफल नीतियों और बढ़ती महंगाई के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने महंगाई की शव यात्रा निकाली.

कोतवाली चौराहा से शव यात्रा शुरू हुई और लिसा टॉकीज चौराहे तक निकाली गई. जहां पर महंगाई रूपी शव का दाह संस्कार किया गया. इसके बाद उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की सद्बुद्धी के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की. शवयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई ओर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सोमवार शाम के समय कोतवाली चौराहा से महंगाई की शवयात्रा निकाली गई. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनेक नारे भी लगाए. इस दौरान महंगाई के साथ साथ बिजली कंपनी की तानाशाही पर भी जमकर नारेबाजी की गई. कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियां और अपरिपक्वता के कारण देश की आम जनता पहले से ही महंगाई से बहुत परेशान है ऊपर से गैस सिलेंडर मुल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता और 1 अप्रैल से विद्युत दरों में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि सहित पेट्रोल डीजल की कमी ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है. जिले में भी गैस नहीं मिलने के कारण छोटी-




छोटी चाय नाश्ते की दुकान बंद होने की स्थिति में है. पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि गैस के लिए आमजन परेशान है, लोगगैस सिलेण्डर की लाइन में दिन-दिन भर लगे हुए हैं. इस मौके पर विष्णु प्रसाद राठौर, ओम वर्मा, प्रीतम चौरसिया, राशिद नेता, राजेंद्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, ओम बाबा राठौर, विवेक राठौर, कमलसिंह चौहान, गुलाब बाई ठाकुर, रमेश गुप्ता, रघुवीर सिंह दांगी, राकेश वर्मा व अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे.

### दोपहर बाद बदले मौसम के मिजाज

**सीहोर.** सोमवार दोपहर बाद फिर से मौसम बदला और इछावर में कुछ देर बारिश हुई जबकि सीहोर में तेज हवा चलने लगी. इधर मौसम विभाग का कहना है कि यह खतरा 4 अप्रैल तक बना रहेगा. सोमवार को दोपहर बाद इछावर में हल्की बारिश हुई. रुक रुककर हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली. दूसरी तरफ सीहोर में भी तेज हवा चलना शुरू हो गई. हालांकि शाम तक बारिश नहीं हुई. जिले भर में मौसम इसी तरह का बन गया। जबकि पिछले सप्ताह तेज गर्मी पड़ी थी. आरएके कॉलेज स्थित मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम खराब रहेगा. 4 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है. कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वह खेतों में कटी पड़ी फसलों को सुरक्षित कर लें.